an>

Title: Need to repair the bridge over river Ghaghara connecting Deoria district and Ballia district of Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): उत्तर प्रदेश में देवरिया और बलिया जनपदों को जोड़ने वाला घाघरा नदी पर बना सड़क पुल का मध्य भाग टूट जाने से भारी वाहनों का आवागमन महीनों से बाधित है। नेपाल के सोनौली बार्डर से गोरखपुर, देवरिया होते हुए यह मुख्य मार्ग बलिया तक जाता है जो आजमगढ़, गाजीपुर, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र आदि जनपदों को जोड़ने के साथ ही बिहार राज्य से भी सम्पर्क स्थापित कराता है। इन स्थानों के आपसी सम्पर्क के लिए यह सड़क पुल एकमात्र माध्यम है। भारी वाहनों का आवागमन बाधित होने से सीमेंट, सरिया, बालू तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्य इन क्षेत्रों में बढ़ते जा रहे हैं क्योंकि ट्रकों के अन्य मार्गों से आने के कारण ढुलाई खर्च अधिक पड़ रहा है। बसों का आवागमन बंद होने से यात्रियों की कठिनाई बढ़ गई है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह अविलंब इस पुल की मरम्मत करावें।